23.07.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 02.10PM

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री प्रस्थान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूनाइटेड किंगडम और मालदीव की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आज रवाना हो गए हैं। अपनी यात्रा के पहले चरण में, वह ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ चर्चा करेंगे और किंग चार्ल्स तृतीय से भेंट करेंगे। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू के निमंत्रण पर 25 से 26 जुलाई तक मालदीव की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा के दौरान श्री मोदी दोनों देशों के व्यापारिक नेताओं से भी बातचीत करेंगे।

राष्ट्रीय प्रसारण दिवस

भारत के विकास, शैक्षिक प्रसार और सांस्कृतिक संरक्षण में प्रसारण की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करने के लिए आज देशभर में राष्ट्रीय प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है। 1927 में आज ही के दिन, देश में पहला रेडियो प्रसारण, इंडियन ब्रॉडकॉस्टिंग कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। आठ जून, 1936 को, इंडियन स्टेट ब्रॉडकॉस्टिंग सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो-एआईआर कर दिया गया और फिर बाद में इसका नाम आकाशवाणी रखा गया। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा है कि आकाशवाणी ने देश के हरेक दिल तक पहुंच बनाई है।

नशे से दूरी है जरुरी

मध्यप्रदेश पुलिस आम नागरिकों को नशे के विरुध्द जागृत करने के लिए “नशे से दूरी है जरुरी अभियान“ चला रही है। इस अभियान में विद्यालय, महाविद्यालय और संस्थानों के अलावा गरीब बस्तियों में नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है। कल इंदौर के राजेंद्र नगर क्षेत्र की एक बस्ती में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त निधि सक्सेना के नेतृत्व में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

तेजस

पश्चिम रेलवे द्वारा इंदौर और मुंबई के बीच आज से सुपरफास्ट तेजस एक्सप्रेस की शुरुआत की जा रही है। यह प्रदेश की पहली तेजस एक्सप्रेस है। आज रात 11 बजकर 20 मिनट से यह मुंबई से रवाना होकर कल दोपहर में इंदौर पहुंचेगी। इंदौर से यह ट्रेन कल शाम पांच बजे चलेगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलाई जाएगी। इस ट्रेन का संचालन आईआरसीटीसी द्वारा किया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर जारी है। कल भोपाल, इंदौर, टीकमगढ़ समेत 20 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। आज भी जबलपुर समेत 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जहां अगले 24 घंटे में साढ़े चार इंच तक पानी गिर सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार आज जबलपुर, श्योपुर, मुरैना, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सागर, दमोह, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर में भारी बारिश हो सकती है। प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 21 इंच बारिश हो चुकी है।

समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण को गति देने के उद्देश्य जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में कल से पूर्णकालिक न्यायिक कार्य करना प्रारंभ हो गया है।
- शिवपुरी जिले में भी कल से दस्तक अभियान की शुरुआत हो गई है। अभियान के अंतर्गत 5 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर स्क्रीनिंग की जाएगी।
- आगरमालवा कलेक्टर ने कल टी एल की बैठक में निर्देश दिए की हरियाली अमावस्या पर एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिक कम से कम एक पौधे का रोपण कर अभियान में सहभागी बने।
- सतना नगर परिषद चित्रकूट में बारिश के बाद जल जनित बीमारी की रोकथाम और बचाव हेतु दवा का छिड़काव किया जा रहा है।
- नर्मदापुरम जिले का प्रसिद्ध नागद्वारी मेले के आज पांचवें दिन भी भक्तों की अपार भीड़ हर हर महादेव के जयकारों से पचमढ़ी की वादियों में भक्ति भक्ति भाव से नागद्वार मंदिर बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंच रही है।